मुझे कोई राधा नाम सुना दो भजन लिरिक्स

मुझे कोई राधा नाम सुना दो,

राधा नाम अमंगलहारी मंगलकारी,
राधा नाम पे बिकते बिहारी,
स्वास स्वास रटो राधा राधा,
यही नाम मिटाएं हर इक बाधा,
राधा नाम कल्याणकारी मंगलकारी,
श्री राधा नाम पे बिकते बिहारी,
राधा नाम अमंगलहारी मंगलकारी।**bd।**

गोपाली राधा नाम की पागल,
हरीदासी राधा नाम की पागल,
बाजों श्री जी की बन बन पायल,
राधा नाम का बन जा भिखारी,
श्री राधा नाम पे बिकते बिहारी,
राधा नाम अमंगलहारी मंगलकारी।**bd।**

मुझे कोई राधा नाम सुना दो,
जो मन में है हाथ जोड़कर,
अरे मनमोहन को बता दो,
मुझे कोईं राधा नाम सुना दो।**bd।**

तेरे मन के चाव अधूरे,
श्याम करेंगे सपने पूरे,
इक बार गोवर्धन में जाकर,
परीकर्मा कोई लगा दो,
मुझे कोईं राधा नाम सुना दो।**bd।**

अनहद नाद बजे मन मंदिर,
हरीदासी यह रस का समंदर,
आएगी बरसाने वाली,
तुम एक आवाज लगा दो,
मुझे कोईं राधा नाम सुना दो।**bd।**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

यह भी देखें – किशोरी जी तो मेरी है।

स्वर – साध्वी पूर्णिमा दीदी जी।
प्रेषक – राज कपूर,,रासेश्वर दास।
रोहणी हरे कृष्ण भक्ति हट्ट,
कीर्तन मंडल – 9810035714

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com